Bharat Petroleum
energising lives




**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
मुंबई रिफाइनरी, माहुल, मुंबई - 400 074

---

एडीवी. नं.:एमआरपीटी _ यूओ /01/2017 दिनांक : 5.6.2017

**<u>मुंबई रिफाइनरी में प्रॉसेस टेक्निशियन और यूटिलिटि ऑपरेटर पद हेतु भर्ती की सूचना</u>**

बी.पी.सी.एल., फॉर्चून 500 कंपनी तथा एक प्रमुख नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, जिसका विस्तार संपूर्ण भारत में है तथा जो तेल एवं गैस अन्वेषण, रिफाइनिंग, पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन और वितरण में कार्यशील है, के द्वारा मुंबई रिफाइनरी के निम्न पदों के लिए युवा, उद्यमी एवं होनहार भारतीय पुरूष उम्मीदवारों से, जो निम्नलिखित योग्यता मानदंड तथा अन्य आवश्यकताएं पूर्ण करते हों, से आवेदन मंगाए जाते हैं :

1. **पद एवं आरक्षण**:

<table>
<tr><th rowspan="2">पद कोड</th><th rowspan="2">पद का नाम</th><th rowspan="2">पदों की संख्या</th><th colspan="4">वर्ग-वार आरक्षित पदों की संख्या</th></tr>
<tr><th>अ.जा.</th><th>अ.ज.जा.</th><th>.अ.पि.व. (एनसीएल)</th><th>अनारक्षित</th></tr>
<tr><td>एमआरपीटी</td><td>*प्रॉसेस टेक्निशियन - ग्रेड “ 7 “</td><td>24</td><td rowspan="3">2</td><td rowspan="3">8</td><td rowspan="3">8</td><td rowspan="3">14</td></tr>
<tr><td>एमआरयूओ</td><td>यूटिलिटि ऑपरेटर - ग्रेड “ 7 “</td><td>4</td></tr>
<tr><td>एमआरयूओबी</td><td>यूटिलिटि ऑपरेटर - ग्रेड “ 7 “ (बॉयलर)</td><td>4</td></tr>
</table>

**ध्यान दें** :

उक्त उल्लिखित पद और आरक्षणों की संख्या निर्देशात्मक है और कॉर्पोरेशन के पूर्ण विवेक के अधीन कम या ज्यादा हो सकती है । **यू आर - अनारक्षित, अजा -अनुसूचित जाति, अजजा- अनुसूचित जनजाति, अपिव (एनसीएल) - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रिमी लेयर) ।**

यद्यपि, ये पद मुंबई रिफाइनरी के लिए हैं, कॉर्पोरेशन समय - समय पर कारोबार की आवश्यकता के आधार पर नियुक्ति के बाद बी.पी.सी.एल के किसी भी अन्य लोकेशन में आरंभिक तैनाती / तत्पश्चात स्थानांतरण करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ।




## 2. <u>कार्य का व्यापक विवरण</u>

**<u>प्रोसेस टेक्निशियन</u>**

सभी प्रकार के पंप, कॉम्प्रेसर्स, वॉल्व, एक्सचेंजर्स, कॉलम्स, वेसल्स, फर्नेसेस, हीटर्स, कुलिंग टॉवर्स, फॅन, फिल्टर्स, रिएक्टर्स, स्टोरेज टैंक्स इ. उपकरणों का परिचालन । प्रेशर, तापमान, फ्लो लेवल, एनलाइजर इ. क्षेत्र के सभी पैरामीटर की निगरानी करना। फिल्ड में मामूली लॅब परीक्षण करना । उपकरण / मशीनरी की अप कीपिंग की गतिविधियां सुनिश्चित करना। मानक ऑपरेटिंग पद्धति के अनुसार यूनिट में परिचालनगत परिवर्तन करना । निर्दिष्ट क्षेत्र में सभी प्लांट उपकरण ( स्थिर के साथ ही घूमनेवाला ) की अच्छी स्थिति और सुरक्षा सुनिश्चित करना। आपातकाल और प्लांट में आई गड़बड़ी के समय प्लांट कार्मिक / उपकरण और सामान - सूची, की रक्षा के लिए उचित कदम उठाना। प्लांट में आई गड़बड़ी को संभालना और तत्पश्चात दोष - निवारण करना।

**<u>यूटिलिटि ऑपरेटर</u>**

विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए सभी प्रकार के पंप, विभिन्न तरह के कॉम्प्रेसर, ब्लोअर्स, फॅन्स, ड्रायर्स, गैस टर्बाइन, स्टीम टर्बाइन, विभिन्न आकार के वॉल्व, विभिन्न प्रकार के हीट एक्सचेंजर, हीटर्स, कूलिंग टॉवर, विभिन्न सेवाओं के लिए स्टोरेज टैंक, केओडी, गैस स्कीड, रिएक्टर्स एवं फिल्टर्स इ. का परिचालन। विभिन्न आकार के स्टीम हेडर्स, बॉयलर फीड वॉटर हेडर्स, फ्युल ऑयल हेडर्स, फ्रेश वॉटर हेडर्स, ड्रिंकिंग वॉटर हेडर्स, इंस्ट्रूमेंट एअर हेडर्स, प्लांट एअर हेडर्स, कंडेंसेट हेडर्स इ. की कमिशनिंग, डिकमिशनिंग और परिचालन । डीएम प्लांट में फील्ड लैब में आवश्यकतानुसार फिल्ड में सैंपल टेस्टिंग करना । प्रेशर, टेंपरेचर, फ्लो, लेवल एवं एनलाइजर रिडिंग इ.के पैरामीटर लॉग शीट में रिकॉर्ड और मॉनिटर करना । लेबोरेटरी टेस्ट शेडयुल के अनुसार सैंपल निकालना । उपकरण / मशीनरी की अप कीपिंग की गतिविधियां सुनिश्चित करना। मानक ऑपरेटिंग पद्धति के अनुसार यूनिट में परिचालनगत परिवर्तन करना । निर्दिष्ट क्षेत्र में सभी प्लांट उपकरण ( स्थिर के साथ ही घूमनेवाला ) की अच्छी स्थिति और सुरक्षा सुनिश्चित करना। आपातकाल और प्लांट में आई गड़बड़ी के समय प्लांट कार्मिक / उपकरण और सामान - सूची, की रक्षा के लिए उचित कदम उठाना। प्लांट में आई गड़बड़ी को संभालना और तत्पश्चात दोष - निवारण करना।

**<u>यूटिलिटि ऑपरेटर (बॉयलर)</u>**

विभिन्न आकार के वॉल्व, सूट ब्लोअर्स,फ्यूल ऑयल बर्नर और फ्यूल गैस बर्नर, विभिन्न सेवा के लिए सभी प्रकार के पंप,ब्लोवर्स, फॅन्स, टर्बाइन, विभिन्न प्रकार के हीट एक्सचेंजर, हीटर्स, कूलिंग टॉवर, विभिन्न सेवाओं के लिए स्टोरेज टैंक, केओडी, गैस स्कीड, फिल्टर्स इ. का परिचालन। ऑयल बर्नर निकालना और पुन: लगाना, वेस्ट हीट बॉयलर्स / बॉयलर्स का शिफ्टिली सूट ब्लोइंग ऑपरेशन, स्थानीय रूप से मोटर परिचालित और हायड्रॉलिक वॉल्व का परिचालन । विभिन्न आकार के स्टीम हेडर्स, बॉयलर फीड वॉटर हेडर्स, फ्यूल ऑयल हेडर्स, इंस्ट्रुमेंट एअर हेडर्स, प्लांट एअर हेडर्स, कंडेंसेट हेडर्स इ. की कमीशनिंग, डिकमीशनिंग और परिचालन । आईडी और एफडी पंखों का परिचालन, स्टीम टर्बाइन का परिचालन, बॉयलर फीड वॉटर पंप का परिचालन, प्रेशर, टेंपरेचर, फ्लो, लेवल एवं एनलाइजर रिडिंग इ.के पैरामीटर लॉग शीट में रिकॉर्ड और मॉनिटर करना । लेबोरेटरी टेस्ट शेडयुल के अनुसार सैंपल निकालना । उपकरण / मशीनरी की अप कीपिंग की गतिविधियां सुनिश्चित करना। मानक ऑपरेटिंग पद्धति के अनुसार यूनिट में परिचालनगत परिवर्तन करना । निर्दिष्ट क्षेत्र में सभी प्लांट उपकरण ( स्थिर के साथ ही घूमनेवाला ) की अच्छी स्थिति और सुरक्षा




सुनिश्चित करना। आपातकाल और प्लांट में आई गड़बड़ी के समय प्लांट कार्मिक / उपकरण और सामान - सूची, की रक्षा के लिए निर्णयात्मक कदम उठाना। प्लांट में आई गड़बड़ी को संभालना और तत्पश्चात दोष - निवारण करना।

**ध्यान दें** :

उपर्युक्त सभी जॉब में बदलती पारी (नाइट शिफ्ट मिलाकर) में कार्य करना शामिल है । इस जॉब के लिए उच्चस्तरीय मेडिकल एवं शारीरिक योग्यता आवश्यक है और चयन किये गये / अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को, इन पदों के लिए आवश्यक कॉर्पोरेशन के मानदंडों के अनुसार आवश्यक मेडिकल एवं शारीरिक योग्यता मानकों को पूर्ण करना होगा अन्यथा उन्हें अयोग्य और मानदंड पूर्ण न करने वाला माना जाएगा ।

ऊपर उल्लिखित विवरण केवल उदाहरणात्मक हैं और व्यापक नहीं है । कॉर्पोरेशन समय-समय पर आवश्यकतानुसार कोई भी कार्य / भूमिका / गतिविधियां आबंटित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

3. **<u>वेतन एवं लाभ</u>** :

चयनित उम्मीदवारों को ग्रेड 7 में रू. 13,800 - 41,000 के वेतनमान में रखा जाएगा । नियुक्त किये गये उम्मीदवार मूल वेतन के अलावा यथालागू अन्य लाभ/भत्तों के लिए भी पात्र होंगे ।

4. **आयु सीमा (दिनांक 01.06.2017 को)**:

ए. सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए दिनांक 01.06.2017 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष, निर्देशित आरक्षित पदों पर अजा/अजजा के लिए 5 वर्ष की छूट तथा अपिव (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्षों की छूट ।

बी. कम से कम 40% विकलांगता की मात्रा के साथ शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को आयु में 10 वर्षों की (अजा/अजजा वर्ग से संबद्ध शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को आयु में 15 वर्षों तक और अपिव से संबद्ध शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को आयु में 13 वर्षों तक) छूट दी जाएगी ।

सी दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर में अधिवासित उम्मीदवारों को आयु में 5 वर्षों की छूट दी जाएगी ।

डी भूतपूर्व सैनिक व्यक्तियों को यथालागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी ।

Bharat Petroleum
energising lives




5. **<u>शैक्षणिक अर्हता / कार्य अनुभव (31.05.2017 को)</u>**

| **पद का नाम** | **अर्हता** | **अर्हता पश्च अनुभव** |
|---|---|---|
| प्रॉसेस टेक्निशियन - ग्रेड " 7 " | सरकारी पॉलिटेक्निक या एआईसीटीई द्वारा प्रमाणित समकक्ष सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग / टेक्नॉलॉजी में प्रथम श्रेणी में (60%) पूर्णकालिक डिप्लोमा। | अर्हता प्राप्त करने के बाद (प्रशिक्षुता अवधि समेत )किसी प्रतिष्ठित फॅक्टरी / उत्पादन यूनिट में ऑयल रिफ़ाइनिंग / पेट्रोलियम / पेट्रोकेमिकल / केमिकल / फर्टिलाइज़र उद्योग इ. में पंप, कॉम्प्रेसर, वॉल्व, हीट एक्सचेंजर, कॉलम, वेसल्स, फर्नेस, हीटर्स, कूलिंग टॉवर, फॅन, फिल्टर्स, रिएक्टर्स, केमिकल / पेट्रोलियम प्रॉडक्ट स्टोरेज टैंक इ. और निरंतर प्रोसेस से संबंधित अन्य उपकरण के परिचालन का न्यूनतम 5 साल का अनुभव (अनिवार्य) / 7 वर्ष का अनुभव वांछनीय |
| यूटिलिटि ऑपरेटर - ग्रेड " 7 " | सरकारी पॉलिटेक्निक या एआईसीटीई द्वारा प्रमाणित समकक्ष सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से मेकानिकल / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / टेक्नॉलॉजी में प्रथम श्रेणी में (60%) पूर्णकालिक डिप्लोमा। | अर्हता प्राप्त करने के बाद (प्रशिक्षुता अवधि समेत )किसी प्रतिष्ठित फॅक्टरी / उत्पादन यूनिट में ऑयल रिफ़ाइनिंग / पेट्रोलियम / पेट्रोकेमिकल / केमिकल / फर्टिलाइज़र उद्योग इ. में बॉयलर्स / वेस्ट हीट बॉयलर / गैस टर्बाइन / डीएम प्लांट / एअर कॉम्प्रेसर / एअर ड्रायर्स / कूलिंग टॉवर्स / एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट इ. के परिचालन का न्यूनतम 5 साल का अनुभव (अनिवार्य) / 7 वर्ष का अनुभव वांछनीय` |
| यूटिलिटि ऑपरेटर - ग्रेड " 7 " (बॉयलर) | सरकारी पॉलिटेक्निक या एआईसीटीई द्वारा प्रमाणित समकक्ष प्रतिष्ठित सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से मेकानिकल / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / टेक्नॉलॉजी में प्रथम श्रेणी में (60%) पूर्णकालिक डिप्लोमा और | |




| | | |
|---|---|---|
| | **प्रथम श्रेणी का बॉयलर एटेंडंट प्रमाणपत्र या बॉयलर ऑपरेशन्स इंजीनियर (बीओई) प्रमाणपत्र** | |
| उपर्युक्त पदों के लिए 60 % के साथ प्रथम श्रेणी में अ.जा / अ,ज.जा / पी डब्ल्यू डी उम्मीदवारों को 50% अंक की छूट। | | |

- **प्रथम श्रेणी बॉयलर एटेंडंट प्रमाणपत्र / बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर (बीओई) प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवार यदि यूटिलिटि ऑपरेटर ( बॉयलर) के लिए आवेदन करते हैं तो उनका आवेदन पर यूटिलिटि ऑपरेटर पद के लिए भी विचार किया जाएगा ।**

- **केवल बीओई प्रमाणपत्र डिप्लोमा धारक उम्मीदवार ही पात्र हैं । बी ई / बी टेक / एएमआईई पात्रता के साथ बीओई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार आवेदन न करें ।**

**ध्यान दें** :

i. विज्ञापित पद पर चयन के लिए शैक्षणिक अर्हता का अर्थ होगा अर्हता जिस पर उम्मीदवारी प्रस्तावित है / मानी जाती है जैसा कि उम्मीदवार ने दावा किया हो ।

ii. उम्मीदवार जो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा स्तर से उच्च अर्हता रखते हैं जैसे एएमआईई / बी ई / बी टेक या समरूप / समकक्ष / अन्य उच्चतर अर्हता, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है । इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के बाद किये गये बीएससी को उच्च अर्हता नहीं माना जाएगा । यदि उम्मीदवार द्वारा अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने संबंधी जानकारी छिपाने पर नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी चरण पर उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए अयोग्य माना जाएगा और यदि यह तथ्य भर्ती के बाद नियोजन के दौरान पाया गया तो उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी ।

iii. केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ शुगर टेक्नॉलॉजी, रबर इ. में विशेषज्ञता या केमिकल इंजीनियरिंग से जुड़े हुए अन्य विशेषज्ञ डिप्लोमा को " प्रोसेस टेक्निशियन " पद के लिए अर्हता नहीं माना जाएगा।

iv. मेकानिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ प्रॉडक्शन, ऑटोमोबाइल इ. में विशेषज्ञता या मेकानिकल इंजीनियरिंग से जुड़े हुए अन्य विशेषज्ञ डिप्लोमा को " युटिलिटी ऑपरेटर / युटिलिटी ऑपरेटर - बॉयलर " पद के लिए अर्हता नहीं माना जाएगा।

v. इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से जुड़े हुए अन्य विशेषज्ञ डिप्लोमा को " युटिलिटी ऑपरेटर / युटिलिटी ऑपरेटर - बॉयलर " पद के लिए अर्हता नहीं माना जाएगा।

vi. खंड 5 में निर्दिष्टानुसार ही स्पेशियलाइजेशन / स्ट्रीम का नाम होना चाहिए । अन्य कोई स्ट्रीम / या कांबिनेशन स्ट्रीम या स्पेशियलाइजेशन पर विचार नहीं किया जाएगा ।




vii. जिन उम्मीदवारों ने डिप्लोमा अर्हता डिस्टेंट लर्निंग द्वारा / अंशकालिक रूप से और इसी प्रकार के माध्यम से प्राप्त की है वे आवेदन करने के लिए **पात्र नहीं हैं** ।

viii. वर्तमान में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. के किसी अन्य यूनिट / ज्वॉइंट वेंचर / सबसिडियरी में कार्य करनेवाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

6. **चयन प्रणाली** :

**चयन प्रणाली में निम्नानुसार दो चरण शामिल होंगे** :

**चरण - 1: लिखित परीक्षा**

i. डिप्लोमा अंकों के योग्यता क्रमानुसार शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा । तथापि, यह निर्णय पूर्णत: कॉर्पोरेशन के विवेकानुसार होगा । लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों की तकनीकी कुशाग्रता और सामान्य योग्यता का मूल्यांकन होगा जिसमें मात्रात्मक रूझान, विचार क्षमता और मूलभूत अंग्रेजी भाषा कौशल शामिल है । लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए समग्र कट-ऑफ अंक और सेक्शनल कट - ऑफ अंक अजा / अजजा / पी डब्ल्यू डी के उम्मीदवारों के लिए उचित छूट देकर निगम द्वारा निर्धारित किया जाएगा । विभिन्न पद और उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर कट ऑफ अंक अलग हो सकते हैं । उम्मीदवारों को दूसरे चरण के लिए पात्र होने के लिए लिखित परीक्षा में समग्र और सेक्शनल कट-ऑफ अंक दोनों की अर्हता पूरी करनी होगी । कॉर्पोरेशन लिखित परीक्षा के लिए कट-ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । इस संबंध में किसी भी तरह की पूछ-ताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ।

ii. परीक्षा कॉर्पोरेशन द्वारा चुने गये केंद्रों पर होंगी तथा शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इसके बारे में उचित रूप से सूचित किया जाएगा । किसी भी चरण पर किसी भी परीक्षा केंद्र को शामिल करने / हटाने का अधिकार कॉर्पोरेशन अपने पास सुरक्षित रखता है । किसी भी कारण से परीक्षा की तिथि या परीक्षा केंद्र में परिवर्तन हेतु निवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**चरण - 2: कौशल आकलन परीक्षा**

कॉर्पोरेशन द्वारा यथानिर्णित कट ऑफ अंकों के अनुसार लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाले उम्मीदवारों को कौशल आकलन परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा । कौशल आकलन परीक्षा केवल " योग्यता स्वरूप" की होगी । इस परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले उम्मीदवारों को ही सूचीबद्ध किया जाएगा । चयन किये गये उम्मीदवारों को सभी पात्रता शर्तो को पूरा करना होगा और चयन किये गये उम्मीदवारों के दस्तावेज / प्रमाणपत्र सत्यापन में सही पाये जाने पर ही अंतिम चयन होगा।

**ध्यान दें** :




उम्मीदवारों की अंतिम नियुक्ति ऑयल इंडस्ट्री सेफ्टी डायरेक्टोरेट (ओआयएसडी ) के अनुसार बी.पी.सी.एल की पूर्व नियुक्ति मेडिकल परीक्षण मानदंडों और मेडिकल फिटनेस मानदण्डों एवं मानकों को पूरा करने के अधीन होगी । उम्मीदवारों की उम्मीदवारी नियुक्ति तक अनंतिम होगी ।

**7. आवेदन कैसे करें** :

**i. आवेदन फॉर्म**

पात्र उम्मीदवार दिनांक 10.6.2017 से 26.6.2017 को 11.00 AM तक www.bharatpetroleum.com>Careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं । रोज़गार कार्यालय द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को भी केवल इसी लिंक के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करना होगा । आवेदन हेतु कोई अन्य माध्यम / विधि स्वीकार नहीं की जाएगी । तथापि, यदि आवश्यक हो तो प्रक्रिया में परिवर्तन करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है ।

**ध्यान दें** :

- आवेदन नि:शुल्क है । सभी आवेदकों के पास एक वैध / सक्रिय ई - मेल आई.डी. होना चाहिए । उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने ई - मेल आई.डी. का विवरण और पासवर्ड पूरी तरह से गोपनीय रखें और किसी अन्य व्यक्ति से इसका जिक्र न करें । उम्मीदवार द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को अपने ई-मेल आई.डी. संबंधित विवरण बताए जाने के कारण संभावित किसी भी परिणाम के लिए कॉर्पोरेशन जिम्मेदार नहीं होगा ।

- आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों को पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ को अपलोड करना होगा जिसकी फाइल साइज़ 50 किलो बाईट से अधिक नहीं हो और इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले ही आवेदन फॉर्म में अपलोड करने हेतु जब भी आवश्यकता हो, सिस्टम में उस फोटोग्राफ की सॉफ्ट कॉपी तैयार रखें ।

- उम्मीदवारों को हिदायत दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत निर्देशों का अवलोकन करें ।

- उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में मांगी गई जानकारी विधिवत रूप से भरें । आवेदन फार्म प्रस्तुत करने पर, आवेदन संख्या प्राप्त होगी और आवेदन फॉर्म की पी.डी.एफ. प्रति आवेदकों के ई - मेल आई.डी. पर भेजी जाएगी । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट निकाले और उसपर अपना अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो (ऑन लाइन आवेदन में अपलोड किया हुआ) चिपकाकार अपने पास रखें और उसे स्व - साक्ष्यांकित करें ।




- लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के समय अपना डाउनलोड किया हुआ पी.डी.एफ. एप्लीकेशन फॉर्म प्रस्तुत करना होगा जिस पर उनका फोटोग्राफ उचित रूप से चिपकाया गया हो । साथ ही अन्य दस्तावेज भी देने होंगे जिसकी सूचना उम्मीदवारों को दी जाएगी । उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के समय अपने साथ वैध पहचान प्रमाण के रूप में निम्नलिखित में से कोई भी एक ( मूल और एक फोटोप्रति ) प्रस्तुत करनी होगी जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र या पासपोर्ट अन्यथा उन्हें लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी । पहचान का कोई अन्य प्रमाण स्वीकृत नहीं किया जाएगा ।

- एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने / भेजने वाले आवेदक अयोग्य ठहराए जाएंगे ।

- डाक / कुरियर या व्यक्तिगत रूप सहित किसी भी तरह से हाथ से दिए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

- अपूर्ण ऑनलाइन आवेदन और योग्यता मानदंड पूर्ण न करनेवाले आवेदन **स्वीकार नहीं किये जाएंगे** ।

- यह उचित होगा कि ऑनलाइन आवेदन फॉर्म ऐसी जगह भरा जाएं जहां नेटवर्क अच्छा हो जिससे आवेदन प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकें ।

- 26.6.2017 को 11.00 AM के बाद प्रस्तुत किए गये आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

ii. **दस्तावेजों की सूची**

जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में सफल होते हैं, वे चयन प्रक्रिया के दूसरे चरण की परीक्षा अर्थात कौशल आकलन परीक्षा में उपस्थित रहते समय निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ साक्ष्यांकित प्रतियां प्रस्तुत करें । तथापि निगम के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि भर्ती एवं चयन प्रक्रिया पूरी होने तक वे जांच के लिए यह दस्तावेज या अन्य अतिरिक्त दस्तावेज या अन्य आवश्यक डिक्लेरेशन की मांग करें ।

- पी.डी.एफ. आवेदन पत्र की प्रिंट जिसपर उनका फोटोग्राफ चिपकाया एवं स्व-साक्ष्यांकित किया गया हो
- आयु प्रमाण - जन्म प्रमाणपत्र या मेट्रिक्युलेशन / एसएससी / एसएसएलसी प्रमाणपत्र
- शैक्षणिक पात्रता प्रमाणपत्र / मार्कशीट अर्थात एसएससी, एचएससी, डिप्लोमा ( सभी सेमिस्टर / वर्ष) / बॉयर एटेंडंट प्रमाणपत्र ।
- अ.जा / अ.ज.जा / अ.पि.व (एनसीएल) का जाति प्रमाणपत्र भारत सरकार के निर्धारित प्रोफार्मा में, यदि लागू हो
- पीडब्ल्युडी उम्मीदवारों के संबंध में वैद्यकीय प्रमाणपत्र
- भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों का भारमुक्ति पत्र




- नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाणपत्र
- बॉयलर एटेंडंट प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
- नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो तो
- अधिवास प्रमाण

**ध्यान दें**

- उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उपस्थित होते समय निम्न में से कोई एक वैध फोटो आई.डी. की मूल प्रति और फोटो प्रति लानी होगी - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई.डी. या पासपोर्ट ।
- जो उम्मीदवार कॉर्पोरेशन द्वारा मांगे गये उक्त 7 (बी) में दिए गए सभी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते, वे चयन प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे । कॉर्पोरेशन अपने विवेकानुसार किसी उम्मीदवार को दस्तावेज जमा करना लंबित होते हुए भी चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दे सकता है । इस संबंध में कॉर्पोरेशन का निर्णय अंतिम होगा ।

## 8. सामान्य निर्देश

i) उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़े और उक्त पदों के लिए आवेदन करने से पहले सुनिश्चित करें कि वे योग्यता के निर्धारित मानदंडों पर खरे उतरते हैं । सभी उद्देश्यों के लिए इस विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।

ii) लागू राष्ट्रपति निर्देश / समय समय पर इस विषय में जारी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(नॉन - क्रीमी लेयर - एन.सी.एल.) / भूतपूर्व सैनिक / पी.डब्ल्यू.डी / जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी उम्मीदवारों को आरक्षण / छूट दी जाएगी ।

iii) जहां भी परीक्षा में सी.जी.पी.ए. या ग्रेड दी गई हो, तो लागू बोर्ड / संस्थान द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार अंकों का समतुल्य प्रतिशत आवेदन फॉर्म में दिखाया जाए ।

ओ.बी.सी (एन.सी.एल) श्रेणी के आरक्षण / छूट के लाभ उठाने के लिए, उम्मीदवार वैध जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ( जो आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तारीख से 6 महीनों से अधिक पुराना न हो)। यह प्रमाणपत्र भारत सरकार के निर्धारित प्रोफार्मा में हो, जिसमें अन्य बातों के अलावा इस बात का विशेष उल्लेख हो कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं 36012/22/93 - ईएसटीटी (एससीटी) दिनांक 08.09.1993 की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों / वर्गों (क्रीमी लेयर) की श्रेणी में यह उम्मीदवार नहीं आता । क्रीमीलेयर में आनेवाले अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी के उम्मीदवार अन्य पिछड़े वर्ग आरक्षण / छूट का लाभ पाने के पात्र नहीं हैं। तदनुसार ये उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे सामान्य उम्मीदवारों के लिए लागू आयु मानक पूर्ण करते हों और अपनी श्रेणी "अनारक्षित" बताते हो । चूंकि बीपीसीएल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है केवल उन समुदायों को आरक्षण हेतु अ.पि.व माना जाएगा जिनके नाम केंद्रीय सरकार की अनुमोदित अ.पि.व की आम सूची में दर्ज हैं ।

iv) जो उम्मीदवार अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. (एनसीएल) पर लागू आरक्षण / छूट चाहते हैं वे पदनामित सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। यह प्रोफार्मा भारत सरकार के अंतर्गत आनेवाले पदों पर नियुक्ति हेतु तैयार किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से जाति, अधिनियम / आदेश जिसके अंतर्गत यह जाति अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. (एनसीएल) मानी गई है और वह गांव / कस्बा जिसमें उम्मीदवार सामान्यत: रहता हो, का उल्लेख हो ।

v) अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करनेवाले अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. उम्मीदवार सामान्य मानकों पर विचारधीन होंगे और उन्हें आयु, योग्यता कट ऑफ अंक, चयन प्रक्रिया कट ऑफ अंक आदि में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

vi) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.डी) वे व्यक्ति हैं जिनकी विकलांगता स्थायी रूप से 40% या उससे अधिक है । शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को, केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा गठित न्यूनतम तीन सदस्यीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उन्हें शारीरिक रूप से विकलांग (पी.डब्ल्यू.डी) उम्मीदवार नहीं माना जाएगा ।

vii) वर्तमान में सरकारी / अर्धसरकारी / पीएसयू में काम करनेवाले आवेदक कौशल आकलन परीक्षण के समय "अनापत्ति प्रमाणपत्र" और कार्यग्रहण के समय अपने नियोक्ताओं द्वारा जारी "कार्यमुक्ति आदेश" प्रस्तुत करें । यदि उम्मीदवार ऐसा नहीं करता तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

viii) रोजगार कार्यालय द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

ix) महाराष्ट्र राज्य के अधिवासी उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी ।

x) उक्त पदों के लिए आवेदन करनेवाले भूतपूर्व सैनिक इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें कि उनकी योग्यता विज्ञापित योग्यता के अनुरूप है, अन्यथा इस बारे में और कुछ बताए बगैर उनका आवेदन अस्वीकृत किया जाएगा ।

xi) लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा में उपस्थित रहनेवाले अ.जा. / अ.ज.जा / शारीरिक रूप से विकलांग (पी.डब्ल्यू.डी) उम्मीदवार मूल टिकट प्रस्तुत करके आवेदन में दिए गए अपने डाक पते से निकटतम उपलब्ध बस / रेल्वे स्टेशन द्वारा सबसे कम दूरी के मार्ग से दोनों तरफ का स्लीपर क्लास रेल / नॉन एसी बस में यात्रा करने पर केवल अपने लिए किराया पाने का दावा कर सकते हैं, बशर्ते कि वह चरण 1 या चरण 2 परीक्षा स्थल से कम से कम 30 कि.मी की दूरी पर हो ।

xii) दावे की प्रतिपूर्ति के लिए अ.जा. / अ.ज.जा / शारीरिक रूप से विकलांग (पी.डब्ल्यू.डी) उम्मीदवार को मूल जाति प्रमाणपत्र और उसकी एक फोटोकॉपी लानी होगी ।

xiii) चयन प्रक्रिया की किसी भी चरण पर परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को अपने रहने और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

xiv) कॉर्पोरेशन को यह अधिकार है कि बगैर कोई कारण बताए उक्त सभी या कोई भी पद पूर्ण भरे या अंशत: भरे या ना भरे ।

xv) केवल पुरूष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ।

xvi) आवेदक की उम्मीदवारी अनन्तिम होगी और बाद में पूर्ववृत्त / प्रमाणपत्र / टेस्टिमोनियल के सत्यापन के अधीन होगी । यदि चयन / भर्ती के किसी भी चरण में या उसके बाद यह पाया जाएगा / ज्ञात होगा कि उम्मीदवार द्वारा योग्यता के मानदण्ड पूरे नहीं किये गये हैं और या उसने गलत / झूठी जानकारी / प्रमाणपत्र / दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं या उसने कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी । यदि उम्मीदवार द्वारा उनका चयन होने से पहले या बाद में उनके द्वारा निगम को प्रस्तुत की गयी कोई भी जानकारी या महत्वपूर्ण तथ्य झूठे / गलत




पाये गये तो उसे मिथ्या निरूपण / धोखेबाजी माना जाएगा और कॉर्पोरेशन द्वारा किसी भी समय उनकी सेवायें एकपक्षीय आधार पर समाप्त की जा सकती हैं ।

xvii) सभी मामलों में जैसे योग्यता, आवेदन पत्रों को स्वीकार या अस्वीकार करना, चयन प्रक्रिया और चयन प्रक्रिया को एक भाग में या संपूर्ण रूप से निरस्त करने आदि के संबंध में कॉर्पोरेशन का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्य होगा  पदों को भरने संबंधी निर्णय उम्मीदवारों की योग्यता और कॉर्पोरेशन की ज़रूरत के आधार पर कॉर्पोरेशन के पूर्ण विवेकाधीन होगा और चयन के लिए कोई भी दावा नहीं किया जाएगा।चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में केवल कॉर्पोरेशन की दृष्टि से योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को ही बुलाने का अधिकार कॉर्पोरेशन अपने पास सुरक्षित रखता है ।  कॉर्पोरेशन उम्मीदवारों की संख्या को प्रतिबंधित करने या लिखित परीक्षा अथवा अगले चरणों में पर्याप्त मात्रा में उम्मीदवारों की संख्या उपलब्ध कराने के लिए अपने विवेकाधीन न्यूनतम योग्यता मानदण्ड / मानक / कट ऑफ में परिवर्तन कर सकता है ।  इस संबंध में किसी भी तरह की पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

xviii) कृपया इस भर्ती संबंधी विज्ञापन के संबंध में किसी भी तरह की अन्य सामान्य पूछताछ के लिए z_mrrecruitment@bharatpetroleum.in को ई-मेल करें ।  इस संबंध में किसी भी तरीके से किये गये पत्राचार / संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा ।  उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे इस भर्ती अधिसूचना से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी / पूछताछ और संबंधित विवरण के संबंध में कोई भी पत्राचार करते समय उस मेल के विषय में अपनी आवेदन संख्या लिखें ।  उम्मीदवार को यह भी सूचित किया जाता है कि वे अपने सही ई-मेल आई.डी. और संपर्क संख्या / मोबाइल नंबर (10 डिजिट) लिखें और अपने ई-मेल मेसेजेस को समय समय पर चेक करते रहें ।

xix) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे नियमित अपडेट्स के लिए हमारे वेबसाइट www.bharatpetroleum.com>Careers  पर विजिट करें ताकि उन्हें भर्ती प्रक्रिया या दिनांक / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / अन्य प्रक्रियाओं के बारे में अद्यतन जानकारी मिल सके । इस अधिसूचना के बाद सभी पत्राचार वेबसाइट / ई मेल द्वारा ही किया जाएगा ।

xx) किसी भी तरह के विवाद के लिए क्षेत्राधिकार न्यायालय मुंबई होगा ।

xxi) केवल लिखित परीक्षा या कौशल परीक्षा में चयन या चयन प्रक्रिया के बाद सूची में नाम आने पर उम्मीदवार को किसी भी प्रकार से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा ।

xxii) किसी भी तरह के प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा ।

xxiii) ऑन लाइन आवेदन करने के बाद किसी भी चरण में श्रेणी (अर्थात अजा / अजजा / अपिव / पीडब्ल्यूडी / ईएसएम) या किसी भी जानकारी में किसी भी तरह का परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । यदि भर्ती की प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत / त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकृत किया जा सकता है ।

xxiv) भूतपूर्व सैनिक व्यक्तियों सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों जिन्हें इस विज्ञापन के तहत नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाएगा उन्हें प्रस्ताव से 30 दिनों के अंदर जॉइन करना होगा ।  निर्धारित अवधि के अंदर जॉइन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से बीपीसीएल के विवेकाधीन होगा ।

xxv) यदि कोई उम्मीदवार आवेदन पत्र भेजने के बाद लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले कोई उच्च व्यावसायिक शैक्षणिक योग्यता या उसके समकक्ष / समान कोई योग्यता प्राप्त करता है तो उसकी उम्मीदवारी मान्य नहीं की जाएगी ।




xxvi) कॉर्पोरेशन कोई भी कारण दिये बिना अपने एकल विवेक के अधीन चयन / भर्ती प्रक्रिया में परिवर्तन / संशोधन / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ! इस संबंध में कॉर्पोरेशन का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

.**>>>** दस्तावेज समापन **<<<**

चेतावनी

किसी भी तरह के प्रचार से उम्मीदवार अयोग्य माना जाएगा ।

कृपया हमारे प्रतिनिधि होने का दिखावा करनेवाले धोखेबाज़ों / एजेंटों से सावधान रहें । हम अपनी भर्ती प्रक्रिया का कार्य किसी और को नहीं सौंपते ।

इस पोस्टिंग संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि हमारी अधिकृत वेबसाइट पर प्रकाशित सामग्री का ही संदर्भ लें और अन्य वेबसाइट / ब्लॉग इ. पर प्रकाशित किसी भी सामग्री से विभ्रान्त न हो और न ही बहके ।